4 Ambikapur-BHOOMI-pg 1-0_Layout 1 1/4/2024 9:39 PM Page 1

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 5 जनवरी 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

2 मेडिकल दुकानों पर छापा, मचा हड़कंप



## खबर संक्षेप

### जिले में 22 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर आबकारी विभाग रायपुर द्वारा जारी आदेशानुसार अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने इस दिन जिले की समस्त देशी-विदेशी मदिरा की दुकानें बंद रखने के निर्देश दिये हैं। इस दिन मदिरा का विक्रय एवं परिवहन पूर्णतः बंद रहेगा।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन 15 तक

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी, जो आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) की पात्रता रखते हैं उनके लिए शिक्षा सत्र 2023-24 में छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के आवेदन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्रवाई ऑनलाईन की जा रही है। योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों के पंजीयन एवं संस्थाओं को प्रस्ताव स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने हेतु 31 दिसम्बर 2023 से 15 जनवरी, ड्राफ्ट प्रस्ताव लॉक करने हेतु 31 दिसम्बर से 25 जनवरी, स्वीकृति आदेश लॉक करने हेतु 31 दिसम्बर से 10 फरवरी तक अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथियों के पश्चात उक्त पाठ्यक्रमों हेतु शिक्षा सत्र 2023-24 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जायेगा एवं ड्राफ्ट प्रपोजल, सेक्शन ऑर्डर लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा।

### कैलेण्डर वर्ष 2024 के लिए स्थानीय अवकाश घोषित

**बलरामपुर।** कलेक्टर बलरामपुर-रामानुजगंज रिमिजियुस एक्का ने सामान्य पुस्तक परिपत्र भाग 2 के नियम 8 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कैलेण्डर वर्ष 2024 के लिए जिले में निम्न तिथियों को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। कलेक्टर श्री एक्का द्वारा जारी आदेश में 15 जनवरी दिन सोमवार को मकर संक्रांति, पोंगल, 11 अक्टूबर दिन शुक्रवार को महानवमी तथा 1 नवम्बर दिन सोमवार को दीपावली का दूसरा दिन(गोवर्धन पूजा) के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। उक्त स्थानीय अवकाश कोषागार, उप कोषागारों तथा बैंकों के लिए लागू नहीं होगा।

### दबंग ने पाट दी नाली ग्रामीण परेशान



**बिहारपुर।** ग्राम पंचायत बिहारपुर के खासपारा में 15वां वित्त से डेढ़ लाख की लागत से बनी नाली को भैयालाल गुप्ता ने मिट्टी से पाट दी है जिससे पानी की निकासी बंद हो गई है। परेशान ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत को आवेदन दिया परंतु पंचायत ने कोई पहल नहीं की। नाली में गंदा पानी जमने के कारण दुर्गंध से लोग परेशान है तथा नाली को खोलवाने की मांग की है। इस संबंध में तहसीलदार संजय राठौर ने बताया कि मौके का निरीक्षण करने गया था। ग्राम पंचायत से जानकारी मांगी गई है। जानकारी मिलते ही कार्रवाई की जायेगी। ग्राम पंचायत सचिव मुकेश जायसवाल ने बताया कि नोटिस जारी कर दो दिन में जवाब मांगा गया है।

## कार्रवाई के बाद भी नहीं हो रहा सुधार

# जिले में सड़कों पर दौड़ रहीं जर्जर बसें यात्रियों की जान से हो रहा खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले में सड़कों पर दौड़ रही यात्री बसें किसी दिन भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। थोड़ी कमाई के चक्कर में वाहन स्वामी जर्जर बसों का संचालन कर रहे है। इतना ही नहीं ज्यादातर बसों में सुरक्षा मानकों का ख्याल नहीं रखा जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि जिले में अधिकारियों की कार्रवाई के बाद भी बसों की स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रही है। बस संचालक छोटा मोटा जुर्माना भरकर अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ ले रहे है। बता दें कि संभाग मुख्यालय से प्रतिदिन 500 से अधिक बसें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ ही यूपी, बिहार, झारखंड के लिए निकलती है। इन बसों में हजारों की संख्या में लोग यात्रा करते है लेकिन बस संचालक यात्री बसों के फिटनेश को लेकर समझौता करने के साथ ही लोगों की जान से खिलवाड़ करने का काम कर रहे है। जिले से अनेकों ऐसी बसें सड़कों पर दौड़ रही है जो पूरी तरह से जर्जर है और इन बसों में सुरक्षा मकानों का पालन नहीं किया जा रहा है। बस मालिक भी थोड़ी सी अधिक कमाई चक्कर में लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे है। वाहन चालकों द्वारा ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को बैठाकर कमाई करने के चक्कर में क्षमता से अधिक लोगों को बस में बिठाया जा रहा है। इसके साथ ही बसों में महिलाओं के लिए आरक्षित सीट के नियमों का भी पालन नहीं किया जा रहा है। आलम यह है कि कमाई के चक्कर में ऐसी बसें चलाई जा रही है जिनकी खिलड़ियों के शीशे व सामने का विंड शील्ड गायब है और चालक ऐसी बसों में प्लास्टिक पन्नी लगाकर बस का संचालन कर रहे है। खुलेआम जर्जर बसें सड़कों पर दौड़ रही है लेकिन आरटीओ व जिला प्रशासन के अधिकारी ऐसी बसों पर कार्रवाई नहीं कर पा रहे है। जिले में बस संचालकों की लापरवाही से पूर्व में भी अनेकों हादसे हो चुके है और अब भी अधिकारी किसी बड़े हादसे का इन्तजार कर रहे है।

**खास बात**

- जुर्माना भरकर कर ले रहे खानापूर्ति, बिना विंड शील्ड के दौड़ रही बस



सड़कों पर दौड़ रही खटारा यात्री बस। जांच के नाम पर की जा रही खानापूर्ति।

### नहीं है मेडिकल किट व फायर सेफ्टी

यात्री बसों के साथ ही अन्य यात्री वाहनों में मेडिकल किट के साथ ही फायर सेफ्टी सिस्टम का पालन करना अनिवार्य है। यदि कोई यात्री बस या वाहन दुर्घटनाग्रस्त होती है तो उसमें सवार यात्रियों को तत्काल फर्स्ट एड किट की मदद से उपचार सुविधा दिलाई जा सके इसके साथ ही यदि वाहन में शार्ट सर्किट व अन्य कारणों से आग लगने जैसी घटना होती है तो आग पर काबू करने के लिए फायर सेफ्टी सिस्टम होना अनिवार्य है लेकिन ज्यादातर बस व वाहन संचालक इस नियम का पालन नहीं कर रहे है। पिछले दिनों आरटीओ द्वारा ही की गई जांच के दौरान इस बात का खुलासा हुआ है और ज्यादातर बसों में एक्सपायर मेडिकल किट व फायर सेफ्टी सिस्टम पाए गए। इसके साथ ही बसों में एमरजेंसी एक्जिट व अन्य सुरक्षा मानकों का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है। आरटीओ द्वारा पिछले दिनों 21 बसों में ऐसी कमियों को लेकर चालान किया गया लेकिन बस संचालक कमियों को दूर करने के बजाए जुर्माना भरकर अपनी जिम्मेदारी पूर्ण कर ले रहे है लेकिन बसों में सुविधाओं में कोई विस्तार नहीं हो रहा है।

### 350 के पास ही परमिट

जिले से प्रतिदिन 500 से अधिक बसें संचालित होती है जो छत्तीसगढ़ के साथ ही पड़ोसी राज्यों में भी जाती है। विभाग के आंकड़ों पर नजर डाले तो जिले में 500 बसें पंजीकृत है लेकिन इनमें से महज 350 के पास ही परमिट है। शेष वाहन बिना परमिट के ही सड़क पर दौड़ रहे है। कुछ बस संचालक स्कूल व बाराती परमिट के नाम पर वाहन चला रहे है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि निम्नानुसार चार बसों का संचालन करने वाले बस स्वामी को एक बस एमरजेंसी के लिए आरक्षित रखनी पड़ती है। ऐसी बसों का पंजीयन किया गया है लेकिन उन्हें परमिट नहीं दिया गया है। बसों के खराब होने पर आरक्षित बसें सड़क पर आती है लेकिन ज्यादातर बस संचालक आरक्षित बसों को भी सड़कों पर दौड़ाकर अपनी कमाई कर रहे है।

### की जाती है जांच व कार्रवाई

जिले में 500 बस पंजीकृत है और इनमें से 350 के पास परमिट है। समय समय पर अभियान चलाकर वाहनों की जांच की जाती है। हाल ही में दो दिनों के भीतर 21 बसों पर जांच कर जुर्माना लगाया गया है लेकिन हड़ताल के कारण कार्रवाई रुक गई थी। एक बार फिर से अभियान चलाकर वाहनों की जांच की जाएगी और कमियां पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

-सीएल देवांगन
क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी



# घर के अंदर मिली मितानिन की लाश, बाहर से दरवाजा था बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

घर पर अकेली मितानिन की घर में खून से लथपथ लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मृतिका के घर का दरवाजा बाहर से बंद था जबकि उसका पति राजमिस्त्री का काम करने के लिए गया हुआ था। दो दिनों तक घर पर ताला लगा देख शंका के आधार पर जब पति ने आज खुद दरवाजा खोला तो अंदर पत्नी की लाश पड़ी हुई थी जबकि घर के पीछे परछी में भी खून के धब्बे मिले है जिससे संभावना जताई जा रही है कि वृद्धा की टांगी से वारकर हत्या के बाद आरोपी पीछे के रास्ते ही फरार हुए है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत सेवारी बसियाटोंगरी निवासी मितानिन 55 वर्षीय अनीता केरकेट्टा पति विलियम केरकेट्टा के साथ रहती थी। जबकि मृतिका की बेटी का 100 मीटर दूर दूसरे घर में रहती थी। 2 जनवरी को विलियम केरकेट्टा राजमिस्त्री का काम करने के लिए घर से निकला था और जब वह शाम को वापस घर लौटा तो उसके घर पर ताला लटका हुआ था ऐसे में वह अपनी बेटी असुंता टोप्पो के घर चला गया और अगली सुबह वह पुनः बेटी के घर से ही काम पर चला गया। पति का कहना है कि आज सुबह पुनः वह काम पर जाने से पहले घर पहुंचा तो कर के दरवाजे की कुंडी पर ताला लटका हुआ था ऐसे में जब उसने शंका के आधार पर घर के दरवाजे को धक्का दिया तो वह खुल गया। राजमिस्त्री पति जब घर के अंदर प्रवेश किया तो अंदर उसके पत्नी की खून से लथपथ लाश जमीन पर पड़ी हुई थी। ऐसे में उसने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी रमाकांत साहू टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे इसके साथ ही एफएसएल व डॉग स्क्वायड की टीम को भी मौके पर बुलाया गया था। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि सम्भवतः मृतिका की हत्या 2 जनवरी को टांगी से वार कर की गई थी। घर के पीछे परछी में एक छोटा रास्ता है दीवार पर खून के निशान भी ⏭ शेष पेज 4 पर

- परछी में बने रास्ते से फरार हुए थे आरोपी, दो दिनों बाद चला पता

# मां ने कहा- करना होगा हमारा भरण पोषण तो बेटे ने कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जमीन विवाद पर मां की हत्या करने वाले कलयुगी पुत्र को पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की है। साल के पहले दिन पुत्र ने मां की बेदम पिटाई कर दी थी जिससे उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शंकरगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बुटापानी देवसराखुर्द निवासी 70 वर्षीय शोभरन आ. डुडु पहाड़ी कोरवा पत्नी इतवारी पहाड़ी कोरवा के साथ रहता था जबकि उसका पुत्र मनभरन व बहु सनमतिया अलग रहते है। 1 जनवरी को बुजुर्ग अपने बेटे व बहु को खाना खिलाने के लिए अपने घर बुलाया था। देर रात सभी आग जलाकर खाना खाने के लिए बैठे थे इसी दौरान मनभरण ने जमीन को लेकर माता पिता से विवाद करना शुरू कर दिया। विवाद करने पर मां इतवारी ने बेटे को समझाया कि जमीन से वे लोग कमा खा सकते है और अब वे बूढ़े हो गए है इस लिए जमीन की कमाई से उन्हें ही उनकी देखभाल करनी होगी जिसपर मनभरन भड़क उठा और माता पिता से गाली गलौज करने लगा। जब महिला ने जमीन देने से इंकार किया तो उसने कहा कि उक्त जमीन उसकी है और वह उनका पालन पोषण नहीं करेगा। इस दौरान आक्रोशित युवक ने लकड़ी से मां की पिटाई कर दी जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना की शिकायत पिता ने पुलिस से की है जिसपर पुलिस द्वारा मामले में धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर लिया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एएसपी चंद्रेश सिंह ठाकुर, एसडीओपी इमानुएल लकड़ा के नेतृत्व में थाना प्रभारी जितेंद्र सोनी व पुलिस टीम द्वारा आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया जिसके बाद पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त डंडा जब्त करने के साथ ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

- जमीन विवाद पर उतारा मौत के घाट, आरोपी गिरफ्तार



# युवक ने जीजा पर डंडे से प्राणघात हमला कर उतारा मौत के घाट, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक/बिश्रामपुर

घरेलू बात को लेकर युवक ने न सिर्फ चचेरी बहन व जीजा के साथ मारपीट किया बल्कि घर जमाई बनकर रह रहे जीजा को डंडे से प्राणघात हमला कर मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार ग्राम महंगई निवासी राजेश सिंह आ. सुमार साय (45 वर्ष) ग्राम पोड़ी निवासी पत्नी वीराबाई के यहां शादी के बाद से घर जमाई बनकर रह रहा था। बुधवार की शाम लगभग 8 बजे पत्नी के साथ घर में था तभी वीराबाई के चचेरा भाई चमन सिंह आ. बिहारी लाल उसके घर आया और किसी बात को लेकर बहन व जीजा से विवाद करने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि चमन सिंह ने बहन व जीजा की बेदम पिटाई करने के पश्चात घर चला गया। घटना की जानकारी पड़ोसियों को तब लगी जब सुबह पत्नी बिस्तर पर सो रहे पति को उठाने गई तो पति मृत हालत में पड़ा हुआ था। पत्नी ने गांव के लोगों को घटना की जानकारी दी। आज सुबह पोड़ी सरपंच ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पर सूरजपुर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के पत्नी की बयान लिया। बीराबाई ने रात में चचेरा भाई चमन सिंह के घर आने तथा मारपीट करने की बात बताई। पुलिस ने आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में एसआई संतोष सिंह, एसएस सेंगर, पीयूष चंद्राकर, रामकुमार नायक, प्रधान आरक्षक राहुल गुप्ता, तालिब शैख, बंटी सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी सक्रिय थे।



# बस टर्मिनल के पीछे शिफ्ट किए गए 40 ठेले गुमटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड में अव्यवस्थित ढंग से संचालित ठेले गुमटियों के खिलाफ अभियान चलाकर नगर निगम द्वारा कार्रवाई की गई। ननि द्वारा इन ठेले गुमटियों को टर्मिनल बिल्डिंग के पीछे खाली पड़ी जमीन पर शिफ्ट कर दिया गया है। इसके साथ ही ठेला गुमटी संचालकों को नियमानुसार व्यवसाय करने के निर्देश दिए गए है। बता दें कि नगर निगम द्वारा शहर में अव्यवस्थित ठंड से संचालित ठेले गुमटियों को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नो वेंडिंग जोन में संचालित ठेले गुमटियों पर कार्रवाई कर उन्हें हटाया गया है इसके साथ ही दर्जनों की संख्या में ठेले गुमटी जब्त किए गए है। इसी कड़ी में ननि आयुक्त अभिषेक कुमार के निर्देश पर उड़न दस्ता टीम द्वारा बुधवार को प्रतीक्षा बस स्टैंड में नो वेंडिंग जोन में संचालित ठेले गुमटियों पर कार्रवाई कर चार गुमटियों को जब्त किया गया था इसके साथ ही 15 गुमटी संचालकों को नो वेंडिंग जोन से हटने के निर्देश दिए गए थे। आज ननि आयुक्त के निर्देश पर टीम द्वारा बस स्टैंड के प्रवेश व निकासी द्वार के साथ ही मुख्य सड़क पर संचालित गुमटियों को हटाने की कार्रवाई की गई। टीम द्वारा गौरव पथ के साथ ही मुख्य मार्ग को खाली कराया गया। इसके साथ ही गुमटी संचालकों को व्यवसाय के लिए प्रतीक्षा बस स्टैंड के टर्मिनल के पीछे खाली पड़ी जमीन पर स्थान दिया गया है। उक्त शासकीय भूमि को बस संचालकों द्वारा अपना पार्किंग एरिया बना लिया गया था और अवैध रूप से बसों को खड़ा कर रहे थे। टीम द्वारा बसों को हटाने के बाद आज लगभग 40 चलित ठेलों को उक्त स्थान पर शिफ्ट कराया गया है और उन्हें इसी क्षेत्र में व्यवसाय करने के निर्देश दिए गए है। निर्धारित स्थान के अतिरिक्त मुख्य मार्ग व नो वेंडिंग जोन में ठेले गुमटी लगाने व स्थाई गुमटी लगाकर भूमि कब्जा करने वालों को निगम ने भविष्य में पुनः कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

- गौरव पथ व बस स्टैंड में नो वेंडिंग जोन में संचालित गुमटियों पर की गई कार्रवाई



# लुचकी घाट पर टाटा मैजिक की टक्कर से युवक ने तोड़ा दम

**अंबिकापुर।** गुरुवार की दोपहर लुचकी घाट पर टाटा मैजिक वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। वाहन चालक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक का शव मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मर्च्युरी में रखवाया गया है और मर्ग कायम कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि लुंड्रा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले लालमाटी निवासी 21 वर्षीय रतन बहादुर आ. देव प्रसाद को आज दोपहर लुचकी घाट पर टाटा मैजिक वाहन का चालक टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने मृतक की पहचान कर घटना की जानकारी परिजन को दी जिसके बाद परिजन द्वारा उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है और ना ही इस बात की जानकारी मिल पाई है कि युवक किस ओर जा रहा था। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम किया है और शव को पीएम हेतु मर्च्युरी में रखवाया गया है। घटना के बाद परिजन में शोक का माहौल है।

## उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली राजनीतिक दलों की बैठक, वर्तमान स्थिति में तीन विस क्षेत्र में 652126 मतदाता

# शुरू हुई लोकसभा चुनाव की तैयारी, मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन 6 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। लोकसभा चुनाव के लिए एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 6 जनवरी को किया जाएगा। मतदाता सूची को लेकर आज उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक ने राजनीतिक दलों की बैठक लेकर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 एवं लोकसभा निर्वाचन की जानकारी प्रदान की इस दौरान उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 के सम्बन्ध में पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जिसमें एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन दिनांक 6 जनवरी को किया जाएगा। दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की तिथि दिनांक 6 से 22 जनवरी होगी।

विशेष अभियान 13 से 14 जनवरी तक तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 8 फरवरी को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा अर्हता तिथि 1 जनवरी के साथ साथ तीन अन्य अर्हता तिथियां 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर 2024 को भी 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा एवं नए नागरिकों के प्ररूप-6 में अग्रिम आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। उन्होंने बैठक के दौरान 6 जनवरी की स्थिति में मतदाताओं की विधानसभा वार स्थिति की जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 9 लुण्ड्रा में कुल 193807 मतदाता हैं जिनमें 96404 पुरुष, 97400 महिला और 3 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर में कुल 256994 मतदाता इनमें 126948 पुरुष, 130033 महिला एवं 13 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर में कुल 201325 मतदाता जिसमें 99123 पुरुष, 102201 महिला और 01 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। इस तरह जिले में कुल 652126 मतदाता हैं जिनमें 322475 पुरुष, 329634 महिला, एवं 17 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। वहीं जिले में ओवरसीज मतदाताओं की संख्या 3 एवं सर्विस मतदाताओं की कुल संख्या 900 हैं। इनमें से लुंड्रा विधानसभा में एक भी ओवरसीज मतदाता नहीं है जबकि सर्विस मतदाताओं की संख्या 232 है। विधानसभा अंबिकापुर में ओवरसीज मतदाताओं की संख्या 2 एवं सर्विस मतदाताओं की संख्या 237 है तथा विधानसभा सीतापुर में ओवरसीज मतदाताओं की संख्या 1 एवं सर्विस मतदाताओं की संख्या 431 है। जिले के तीनों विधानसभा में कुल 781 मतदान केन्द्र हैं इनमें से विधानसभा लुण्ड्रा में 254, विधानसभा अंबिकापुर में 282 जिसमें 01 मतदान केंद्र गेतरा सूरजपुर जिले के अंतर्गत आता है तथा विधानसभा सीतापुर में 245 मतदान केन्द्र शामिल हैं। विधानसभा भटगांव के अंतर्गत जिले के 6 मतदान केन्द्र शामिल हैं। इस तरह जिले में मतदान केंद्रों की कुल संख्या 786 है।

### जिले में 180871 युवा मतदाता

बैठक में बताया गया कि जिले में कुल 180871 युवा मतदाता हैं जिनमें 18-19 वर्ष के 24447 मतदाता और 20-29 वर्ष के 156424 मतदाता हैं। विधानसभा लुंड्रा में कुल 56086 युवा मतदाता हैं जिनमें 18-19 वर्ष के 7642 मतदाता और 20-29 वर्ष के 48443 मतदाता हैं। विधानसभा अम्बिकापुर में कुल 70363 युवा मतदाता हैं जिनमें 18-19 वर्ष के 9752 मतदाता और 20-29 वर्ष के 60611 मतदाता हैं। विधानसभा सीतापुर में कुल 54422 युवा मतदाता हैं जिनमें 18-19 वर्ष के 7052 मतदाता और 20-29 वर्ष के 47370 मतदाता हैं।

### 5628 दिव्यांग मतदाता

जिले में कुल 5628 दिव्यांग मतदाता हैं जिनमें 3223 पुरुष, 2404 महिला और 1 थर्ड जेण्डर दिव्यांग मतदाता हैं। विधानसभा लुंड्रा में कुल 2190 दिव्यांग मतदाता हैं जिनमें 1279 पुरुष और 911 महिला दिव्यांग मतदाता हैं। विधानसभा अम्बिकापुर में कुल 2210 दिव्यांग मतदाता हैं जिनमें 1180 पुरुष, 1029 महिला और 1 थर्ड जेण्डर दिव्यांग मतदाता हैं तथा विधानसभा सीतापुर में कुल 1228 दिव्यांग मतदाता जिनमें 764 पुरुष और 464 महिला दिव्यांग मतदाता हैं।

4 Ambikapur-BHOOMI-pg 2_Layout 1 1/4/2024 9:30 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### 6 वीं में प्रवेश के लिए आवेदन 25 तक

**बैकुण्ठपुर।** जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजनांतर्गत राज्य के उत्कृष्ट एवं प्रतिष्ठित शालाओं में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को कक्षा 6 वीं में प्रवेश दिलाया जाना है। योजनांतर्गत प्रवेश 10 मार्च को समय दोपहर 12 से 2 बजे तक लिखित परीक्षा आयोजित किया गया है। छग में संचालित किसी मान्यता प्राप्त शाला से कक्षा 5 वीं में नियमित रूप से अध्ययनरत छात्राएं कक्षा चौथी में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त किया हो, पालक का वार्षिक आय का स्त्रोत 2.50 लाख से अधिक न हों, आय प्रमाण पत्र एवं निर्धारित प्रपत्र का स्वघोषणा पत्र होना चाहिए। योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों का चयन पूर्णतः ग्रामीण क्षेत्र में स्थित विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के आधार पर किया जाएगा, अर्थात ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा नगर पंचायत क्षेत्र के विद्यालयों से कक्षा चौथीं उत्तीर्ण करने वाले छात्र ही योजना के पात्र होंगे। नगर पालिका तथा नगर निगम क्षेत्र में स्थित विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी योजना के पात्र नहीं होंगे। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले इच्छुक विद्यार्थी स्थायी जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, पिछली कक्षा 4 थी के अंकसूची की सत्यापित छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज फोटो, आयकरदाता नहीं होने का प्रमाण पत्र एवं चयन होने पर राज्य के किसी भी उत्कृष्ट एवं प्रतिष्ठित शाला में प्रवेश दिलाने के लिए पालक के सहमति पत्र के साथ 25 जनवरी को अध्ययनरत शाला में आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

### जनकपुर में स्वास्थ्य अमला सक्रिय

**एमसीबी।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेश तिवारी जिले के बैगा जनजाति पीवीजीटी के बसाहट में विशेष कैम्प लगाकर बैगा जनजातीय समूह को शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड, टीवी जांच, डायलीसिस, सिकलसेल जांच एवं गैर संचारी रोग का स्क्रिनिंग किया जा रहा है। यह कार्यक्रम युद्ध स्तर पर 1 और 2 जनवरी को खड़गवां व मनेन्द्रगढ़ ब्लॉक के 90% समूह को लाभान्वित किया जा चुका है, शेष कार्य कैम्प लगाकर किया जा रहा है, साथ डीपीएम सुलेमान के नेतृत्व में मनेन्द्रगढ़ एवं खड़गवां ब्लॉक के 20 आयुष्मान कार्ड ऑपरेटर को लेकर 3 दिवसीय ब्लॉक जनकपुर में रहकर कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य अमला को लगाकर जिले के बैगा जनजाति को स्वास्थ लाभ दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। जनकपुर जहां पर संसाधन की कमी है और पूरे जिले का 70.75 प्रतिशत बैगा जनजाति आबादी निवासरत है, वहां तीन दिवस के लिए स्वास्थ अमले की टीम बनाया गया। पीवीजीटी के लिए गठित टीम में सीपीएम सह नोडल अधिकारी राकेश वर्मा, डीपीसी दीपक चौधरी, डीडीएम भास्कर निराला मौजूद रहे।

### कन्या महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के निर्देशानुसार साल के अंत में 28 से 30 दिसंबर तक विभिन्न वार्षिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय की क्रीड़ा प्रभारी सहायक प्राध्यापक श्रीमती कनकलता पैकरा के द्वारा हरीझंडी दिखाकर किया। वार्षिक प्रतियोगिताओं में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं को सम्मिलित किया गया। इनमें मेंहदी प्रतियोगिता, रंगोली हेयर स्टाईल प्रतियोगिता, प्लास्टिक बॉटल से वेस्ट से बेस्ट मटेरियल प्रतियोगिता, वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता, खेलकूद से संबंधित जैसे- कबड्डी, व्हॉलीबॉल, कैरम, चेस, गोला फेक, भाला फेक, तवा फेक, बैडमिंटन(सिंगल/डबल), खो-खो इत्यादि।

स्वास्थ्य मंत्री के सख्त आदेश का कोरिया में दिखा असर

# मेडिकल दुकानों पर छापा, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग में मेडिकल दुकानों पर छापामार कार्रवाई की है। दुकानों में कार्रवाई के दौरान अनियमित मिलने पर स्पष्टीकरण के लिए पत्र भी जारी किया गया है। गौरतलब है कि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के द्वारा कुछ दिन पहले ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर प्रतिबंधित दवाइयां की बिक्री पर लगाम लगाने के निर्देश दिए थे।

- खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने दुकानों से लिए सैंपल, एक को सील बंद

स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश के बाद कोरिया कलेक्टर विनय कुमार लंगेह मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में प्रतिबंधित दवाइयां की बिक्री रोकने के लिए ड्रग ऑफिसर्स को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे, इसके बाद ही बुधवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने बैकुंठपुर के 8 मेडिकल स्टोर्स में छापामारी की कार्रवाई की। कार्रवाई में मेडिकल स्टोर से अनुपस्थित रहने वाले फार्मासिस्ट के फर्म को आगामी आदेश तक बंद कराया है। वहीं अनियमित मिलने पर अन्य मेडिकल दुकानों के संचालकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों ने जानकारी दी कि प्रतिबंधित व नशीली दवाइयां डॉक्टर की बिना पर्ची बेचे जाने वाले दर्द निवारक व गर्भपात की दवाइयां बेचे जाने की शिकायत व सूचना के आधार पर शहर के करीब 8 मेडिकल स्टोर्स की आकस्मिक जांच-पड़ताल की गई। निरीक्षण के दौरान कुछ अन्य दवाई दुकान में अनियमिताएं पाई गई है। संबंधित फर्म को स्पष्टीकरण देने के लिए पत्र जारी किया गया। ज्ञात हो कि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने विगत दिनों अधिकारियों से कहा है कि किसी भी हालत में कालातीत व प्रतिबंध दवाई, सिरप आदि बिकने पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इस तरह की अवैध धंधे को बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री जायसवाल ने स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले पर कड़ी निगरानी रखने तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस तरह की जांच जिले में निरंतर जारी रहेगी और अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।



मेडिकल स्टोर में जांच करते अधिकारी।

### प्रशासन की छापेमारी से मचा हड़कंप

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम की छापामार कार्रवाई से मेडिकल स्टोर्स पर हड़कंप मच गया। टीम ने सबसे पहले बैकुंठपुर के महामाया मेडिकल स्टोर्स, जय श्री राम मेडिकल स्टोर्स, गायत्री मेडिकल स्टोर एंड एजेंसीस, उत्तम फार्मा, संजीवनी मेडिकल स्टोर्स पर छापामार कार्रवाई की। निरीक्षण के बाद शंका होने पर दवाईयों के सैम्पल लिए, उसके बाद टीम शुक्ला मेडिकल स्टोर्स, लक्ष्मी मेडिकल स्टोर्स एवं जय श्री मेडिकल स्टोर्स में छापेमारी के लaिए पहुंची। दुकानदार तो मौके पर पहुंची टीम को देखकर शटर डाउन करके घर चले गए।



### लगातार जारी रहेगी कार्रवाई

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि प्रतिबंधित व नशीली दवाई के साथ डॉक्टर की बिना पर्ची बेचे जाने वाले दर्द निवारक व गर्भपात की दवाइयां बेचे जाने की शिकायत व सूचना के आधार पर बैकुंठपुर के करीब 8 मेडिकल स्टोर्स पर जांच की गई है, वहीं आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। बैकुंठपुर में संचालित एक मेडिकल स्टोर्स में पंजीकृत फार्मासिस्ट के अनुपस्थित होने के कारण आगामी आदेश तक उक्त दुकान में क्रय-विक्रय बंद करते हुए पूरे फॉर्म को ही बंद कर दिया गया है। वहीं निरीक्षण के दौरान अन्य दवाई दुकानों में अनियमितता पाए जाने के बाद फॉर्म को स्पष्टीकरण देने के लिए पत्र जारी किया गया है।

# पशु तस्करी का नहीं रुक रहा कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

थाना प्रभारी द्वारा लगातार पशु तस्करों पर किए जा रहे कार्रवाई के बावजूद भरतपुर विकासखंड़ में पशु तस्करी का कारोबार नहीं रुक रहा है। बीती रात जनकपुर पुलिस द्वारा ग्रामीण मुखबीरों की सूचना एवं सहयोग से बूचड़खाने ले जा रहे 24 नग भैंस पड़वा सहित 2 पशु तस्करों को दबोच लिया। थाना प्रभारी अमित कश्यप ने पकड़े गए सभी 24 मवेशियों को जब्त कर ग्राम हरफरा के गौठान में सरपंच के सुपुर्दगी में सुरक्षित रखवा दिया है।

- 26 मवेशी किए गए बरामद

वहीं पकड़े गए दोनों पशु तस्करों के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश कर रिमांड में जेल भेज दिया। विदित हो कि भरतपुर ब्लाक अंतर्गत आए दिन पशु तस्करों द्वारा पशुओं को जंगल के रास्ते पैदल, ट्रक एवं पिकअप वाहन में पशुओं को भरकर फर्राटा भरते हुए निकलते हैं। सूत्रों के मुताबिक इस कारोबार में बाहरी व्यापारियों के साथ ही क्षेत्र का एक लॉबी काम कर रहा है। यही वजह है कि इस धंधे से जुड़े लोग बेखौफ होकर इस क्षेत्र से पशुओं को लेकर आए दिन गुजरते रहते हैं। क्षेत्र के इसी लॉबी की मदद से मवेशियों को आसानी से निकाल दिया जाता है। सूत्रों के मुताबिक पशु तस्करी से जुड़े लोग सड़क को पार करने के पहले आसपास एवं आगे का रास्ता साफ होने की पूरी तरह आश्वस्त हो जाने के बाद ही पशुओं को निकालते हैं, इससे वनांचल क्षेत्र में गौ हत्या से जुड़ा यह कारोबार लगातार चोरी छिपे चल रहा है, लेकिन इन दिनों जनकपुर थाना प्रभारी अमित कश्यप स्थानीय पुलिस की एक टीम बनाकर लगातार पशु तस्करी पर रोक लगाने एवं पशु तस्करों पर कार्रवाई करने के बावजूद पशु तस्कर रात के अंधेरे में चोरी छिपे जंगल के रास्ते से पशुओं को क्षेत्र से निकालकर बूचड़खाने ले जाने वालों तक पहुंचा देते हैं।

थाना प्रभारी के निर्देश पर सक्रिय हुई जनकपुर पुलिस टीम बीती रात्रि ग्राम हरफरा में ग्रामीण मुखबीर के सहयोग से 24 नग मवेशी सहित दो पशु तस्कर तीरथ जोगी पिता बुद्धा जोगी उम्र 47 वर्ष एवं जीवनलाल जोगी पिता ठाकुर प्रसाद जोगी उम्र 50 वर्ष को मौके से पकड़कर तस्करों के विरुद्ध थाना में अपराध दर्ज कर पशु क्रूरता अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई कर दिए। जब्त मवेशियों को ग्राम पंचायत अक्तवार के आश्रित ग्राम हरफरा स्थित गौठान में सरपंच के सुपुर्दगी में सुरक्षित रखवा दिया गया।



गिरफ्तार आरोपी।



कार्रवाई के बाद बरामद किए गए मवेशी।

# केन्द्रीय संयुक्त सचिव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ एमसीबी

जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा निरंतर सकारात्मक दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है।

जनहित एवं जनकल्याण के लिए प्रारंभ की यह यात्रा ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच पहुंचे, इसके लिए 3 जनवरी को जिला प्रशासन ने मनेन्द्रगढ़ के चनवरीडांड़, तिलोखन, बौरीडांड़, घाघरा, जनकपुर के चिडौला, कर्री, खड़गवां, कटकोना तथा जरौधा में शिविर लगाए गए। केन्द्रीय संयुक्त सचित अनुपम मिश्रा मनेन्द्रगढ़ विकासखंड़ के बौरीडांड़ के आयोजन में शामिल हुए। उन्होंने इस दौराना उज्जवला योजना के हितग्राहियों को प्रतीक स्वरूप गैस कनेक्शन प्रदाय किया। वहीं कृषि विभाग द्वारा किसानों को मृदा हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया। इस दौरान श्री मिश्रा ने समस्त विभाग के स्टॉलों का मुआयना किया। कार्यक्रम में लगाए गए शिविर का मुख्य उद्देश्य योजनाओं का लाभ लाभार्थियों, विशेष तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाना था। शिविर में मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत सविता ने उज्जवला योजना, जगरनिया साहू ने मातृत्व वंदना योजना, लक्ष्मण सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना तथा कैलाश अगरिया ने किसान क्रेडिट कार्ड से मिलने वाले लाभ का सबके सामने साझा किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मिली जानकारी के अनुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा में 8 स्थानों पर हेल्प कैंप लगाए गए थे। इसमें 1061 लोगों द्वारा गैर संचारी रोग बीपी, शुगर, इत्यादि, सिकल सेल रोग और टीबी जैसी बीमारियों का इलाज किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा में लगाए जा रहे शिविर में लोगों की रुचि विशेष रूप से आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, आधार अपडेट और उज्जवला इत्यादि में देखी जा रही है। आधार अपडेट के लिए शिविर के आस-पास के क्षेत्रवासीय काफी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। इसी प्रकार केन्द्र व राज्य की योजनाओं के लिए विभागों द्वारा लगाए सभी स्टॉलो में जनमानस अपने रुचि व आवश्यकता रूप जुड़ रहे हैं।



अवलोकन करते केन्द्रीय संयुक्त सचिव।

### सीएस आज लेंगे नोडल अधिकारियों की बैठक

**एमसीबी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रगति के संबंध में सीएस कुमार अतिरिक्त सचिव भारत सरकार, पंचायती राज मंत्रालय एवं राज्य प्रभारी छग द्वारा 5 जनवरी को प्रातः 11 बजे से वर्चुअल समीक्षा बैठक लेंगे। इसमें भारसाधक सचिव स्वतः अथवा विभाग के किसी वरिष्ठ अधिकारी को संपूर्ण जानकारी सहित बैठक में उपस्थित होने कहा गया है। उक्त समीक्षा बैठक में राज्य के समस्त नोडल अधिकारी, जिला नोडल अधिकारी एवं अन्य सभी संबंधित अधिकारी आवश्यक जानकारी के साथ शामिल होना सुनिश्चित करें। आयुष्मान भारत योजना पीएमजेएवाई, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, आवास योजना, उज्जवला योजना, विश्वकर्मा योजना, किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, पोषण अभियान, हर घर जल जल जीवन मिशन आदि योजनाओं की समीक्षा की जाएगी।

# अव्यवस्था पर खरीदी केन्द्र प्रभारी को नोटिस

**मनेन्द्रगढ़।** धान खरीदी केन्द्र में किसानों को किसी भी तरह की असुविधा न हो। प्रत्येक खरीद केन्द्र प्रभारी इस बात का विशेष ध्यान रखें। उक्त निर्देश जारी करते हुए कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने सभी नोडल अधिकारी को निरंतर धान खरीदी केन्द्र के निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

बुधवार को अनियमितता की शिकायत लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्राम सेमरा के किसान के आवेदन पर कलेक्टर एमसीबी ने त्वरित कार्रवाई की। कलेक्टर श्री दुग्गा के निर्देश पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने ग्राम नागपुर स्थित धान खरीदी केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। यहां धान खरीदी केन्द्र में आए हुए किसानों से बात करने के बाद उन्होंने खरीदे जा रहे धान की जांच की और धान खरीदी में अमानक होने पर रिजेक्ट किए गए धान की भी जांच की और धान खरीदी केन्द्र प्रभारी राकेश साहू से सभी विषयों पर जानकारी ली। जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उन्होंने सहायक पंजीयक सहकारी समिति एमसीबी से सीधे दूरभाष पर बात की और धान खरीदी केन्द्र के प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।



निरीक्षण करते सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी।

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
मेडिसीन विभाग | नेत्र रोग विभाग | दंत रोग विभाग | स्त्री रोग
चर्म रोग विभाग | सर्जरी विभाग | शिशु रोग | हड्डी रोग
आईसीयू एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

रायपुर के वरिष्ठ एवं अनुभवी रक्त रोग विशेषज्ञ
डॉ. निहार गुप्ता MBBS, MD, FICH (Hematologist)
रक्त रोग विभिन्न लक्षण
- खून की कमी
- प्लेटलेट की कमी
- बार-बार खून चढ़ना
- सिकल सेल एनीमिया
- थैलेसीमिया
- ब्लड कैंसर
- बोन मैरो ट्रांसप्लांट
- Aplastic Anemia
- Multiple Myeloma
दिनांक 07 जनवरी 2024 रविवार समय : दोपहर 2 से सायं 4 बजे तक
दिनांक 07 जनवरी 2024 रविवार समय : दोपहर 3 से सायं 5 बजे तक
सुप्रसिद्ध न्यूरोलॉजिस्ट रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशु जैन MBBS, MD, M.Ch Neuro Surgeon
क्या आप भी परेशान है इन सब से...
- नसो में कमजोरी
- हाथ पैर में कम्पन, झुनझुनी
- चक्कर बेहोशी
- याददाश्त कम होना
- मिर्गी, फिट जलन
- सिर दर्द माईग्रेन लकवा (पैरालिसिस)
- हाथ पैर में कमजोरी
- डायबिटिक न्यरोपैथी
- हाथ, पैर, कमर, गर्दन में असहनीयदर्द
गायत्री हॉस्पिटल CREATING HEALTHY TOMORROW A MULTISPECIALITY HOSPITAL 24x7
पता - बनारस रोड, पी. जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर 9424250281, 8120906000, 8120809000

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी) पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

सरगुजा मार्केट

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S, M.D. (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुम्बई)
स्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दमा, खाँसी, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी, फेफड़े का कैंसर, इस्नोफिलिया, PFT, ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात् होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनाँक-14 जनवरी, 2024
दिन-रविवार, सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न. 73542 60555

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 19 जनवरी 2024 दिन-शुक्रवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन. BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टटेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

हृदय रोग ओपीडी
आपके शहर अंबिकापुर में
नारायणा हेल्थ, रायपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक
डॉ. एस.एस. पाढ़ी
वरिष्ठ सलाहकार - हृदय रोग
हृदय रोग के सामान्य लक्षण :-
- सीने में दर्द
- साँस लेने में तकलीफ, जल्दी थक जाना
- अनियमित हृदय गति
- जी मचलना, सीने में जलन, पेट और पीठ में दर्द
- बाएं कंधे या बांह से बाएं शरीर में दर्द फैलना
13 जनवरी 2024 शनिवार
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पतला रोड, रानी तालाब के सामने, अंबिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9617247433, 9713667433

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है
संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276
9542344694, 9434062770

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर, ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ. हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 13 जनवरी, 2024
को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रात: 10.30 से दोपहर 02.30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
07774-221101, 9407910331, 9488142243
स्थान: संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, नया बस स्टैण्ड, गौरवपथ, अंबिकापुर

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज़ थाइराइड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ. संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज़ ,थाइराइड, मोटापा,माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्रॉल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटा कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध:
07 जनवरी 2024, दिन- रविवार
नोट- डॉ. प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एंड सुपर स्पेशलिटी सेंटर पारस हाइटस गेंहू बाडी, सी.एम.ओ. आफिस के बगल में, दर्रीपारा अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

फार्म भरें
नेशनल ओपन स्कूल द्वारा
N.I.O.S./ CBSE समक्ष पाठ्यक्रम
कक्षा 10, 12 वीं
परिक्षाएं हर 6 माह में
(माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी)
GEETA PUBLIC ENGLISH MEDIUM SCHOOL
केदारपुर, अंबिकापुर
Mo. 8120982790

माहवारी के समय दर्द, असमय एवं अनियमित माहवारी, पेशाब में जलन, सफेद पानी, गर्भाशय में गठान, बाल झड़ना, चेहरे में मुंहासे, पुराना एक्जिमा एवं महिलाओं के समस्त रोगों का 100% प्राकृतिक और सफल होमियोपैथी उपचार के लिए संपर्क करे।
समय सुबह 08.00 बजे से 12.00 pm
दोपहर 02.00pm से रात 07.00 बजे तक।
डॉ. अमरीन फिरदौसी
BHMS, MSC Nutrition
होमियोपैथी विशेषज्ञ एवं आहार विशेषज्ञ
शालीमार कालोनी, नवागढ़, महामाया मंदिर के पास, अंबिकापुर,
9179454786, 9753214959

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

## खबर संक्षेप

### धान नहीं बेचने देने पर पुत्र ने किया माता-पिता पर जानलेवा हमला

**अम्बिकापुर।** शराब पीने के लिए घर से धान निकाल बेचने जा रहे पुत्र को जब माता-पिता ने मना किया तो पुत्र ने जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर हुए माता-पिता को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। माता-पिता का आरोप है कि थाने में कई बार शिकायत करने के बावजूद किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम रेवापुर निवासी इतवारी बाई (65 वर्ष) 2 जनवरी को पति धजन के साथ घर मे थी। इसी दौरान पुत्र राम विलास पहुंचा और घर में रखे धान को निकाल कर शराब पीने के लिए बेचने जा रहा था। पुत्र को धान लेकर जाते देख माता-पिता ने मना किया जिससे राम विलास नाराज होकर विवाद करने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि डंडे से माता-पिता ने जानलेवा हमला कर दिया। इधर घटना को देख परिजन सहित पड़ोसियों ने बीच बचाव किया वहीं मारपीट से दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन ने घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। एतवारी बाई ने बताया कि पूर्व में पुत्र घर के सामान को बेच शराब पीता था और मना करने पर आए दिन मारपीट करता। पूर्व में भी घटना की शिकायत थाने में की गई परंतु आज तक पुत्र के विरूद्ध किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई जिससे उसके हौसले बुलंद है।

### सायकल सवार को मोटरसाइकिल चालक ने मारी टक्कर, अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** दुकान से सामान लेकर सायकल से अपने घर वापस लौट रहे ग्रामीण को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में सायकल सवार के सिर में गंभीर चोट आई है। करंजी पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत धरतीपारा निवासी अजय प्रजापति पिता घूरन प्रजापति गत दिनों गांव में ही दुकान से सामान लेकर सायकल से वापस घर लौट रहा था, तभी ग्राम पंचायत झूमरपारा निवासी बाइक क्रमांक सीजी 15 डीई 2864 के चालक विनोद देवांगन ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सायकल सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में सायकल सवार अजय प्रजापति के सिर में गंभीर चोट आई है, जिसे उपचार हेतु रायपुर में भर्ती करवाया गया है। रिपोर्ट पर आरोपी बाइक चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

### पांच जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा

**अम्बिकापुर।** ग्राम चिखलाडीह स्ट्रीट लाइट के नीचे हार जीत का दाव लगा रहे पांच जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात क्षेत्र में गश्त कर रहे गांधीनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम चिखलाडीह सड़क किनारे स्ट्रीट लाइट के नीचे बड़ी संख्या में युवक एकत्र होकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर जुआ खेल रहे असोला निवासी बरन सारथी आ. स्व. भूलन सारथी (32 वर्ष), सोनपुन के कमलेश विश्वकर्मा आ. रामचंद्र विश्वकर्मा (32 वर्ष), परसापारा जयनगर के रामचंदर सिंह आ. स्व. हरिनारायण सिंह ( 30 वर्ष), ग्राम तकिया के नेजारूद्दीन अंसारी आ. नसरूद्दीन अंसारी (29 वर्ष) व मणिपुर निवासी भुनेश्वर साहू आ. स्व. रामविलास साहू (60 वर्ष) को पकड़ फड़ से 52 पत्ती सहित कुल 6 हजार 150 रुपए जब्त किया। पुलिस ने सभी जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

---

### कलेक्टर के निर्देश पर नगर निगम व यातायात विभाग ने की थी कार्रवाई

# कार्रवाई के बाद भी अस्पताल के सामने ठेला व वाहनों का कब्जा



मार्ग के दोनों ओर लगाए गए ठेला।



अस्पताल के सामने खड़े निजी वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सामने की व्यवस्था में में कार्रवाई के बाद भी व्यवस्थित नहीं हो सकी। ठेला व निजी एंबुलेंस सहित वाहनों की भरमार होने से न सिर्फ आवागमन बाधित होती है बल्कि हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। हैरानी की बात यह है कि पिछले माह ही कलेक्टर के निर्देश पर नगर निगम व यातायात विभाग द्वारा कार्रवाई करने के साथ अस्पताल के सामने अतिक्रमण को हटाया था तथा निजी एंबुलेंस को अन्यत्र खड़ा करने को कहा था। हैरानी की बात यह है कि अतिक्रमण के विरूद्ध चलाए गए अभियान के बाद पुनः निजी एंबुलेंस व वाहन के सहित अस्पताल के सामने ठेला संचालकों ने कब्जा कर लिया। ऐसे में न सिर्फ जाम की स्थिति निर्मित होती है बल्कि दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

**खास बात**

- राहगीरों सहित अस्पताल स्टाफ व मरीज के परिजन की बढ़ी परेशानी

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जिले सहित दूर दराज ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग उपचार कराने आते है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल कुछ साल के भीतर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के उपलब्ध होने से मरीजों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी हुई है। अस्पताल में कुछ गंभीर मरीज भी पहुंचते है जिसे रायपुर या बिलासपुर रेफर किए जाते है। ऐसे में निजी एंबुलेंस व वाहन चालकों में सवारी ढोने और कुछ घंटों के भीतर ही मोटी रकम कमाने की प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन ने अस्पताल से मरीज ले जाने के लिए निजी एंबुलेंस व वाहन पर प्रतिबंध लगाया है। इसके बावजूद किसी न किसी तरह मरीज के परिजन को झांसे में लेकर निजी एंबुलेंस या अन्य वाहन से मरीज को दूसरे अस्पताल पहुंचाते है इसके बदले कुछ घंटे की सफर के लिए परिजन से मोटी रकम वसूल कर अपनी जेबे गरम करते है। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों के साथ बड़ी संख्या में परिजन आते है। भीड़ भाड़ होने के कारण अस्पताल में सामने ठेला सहित अन्य सामान बिक्री करने के लिए छोटे व्यवसायी दुकान लगा देते है जिससे अस्पताल के सामने भीड़ होने के कारण सड़क की दायरा कम हो जाती है जबकि मुख्य मार्ग से बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते है। निजी एंबुलेंस, वाहन सहित ठेला के जमावड़ा होने के कारण न सिर्फ पल पल जाम की स्थिति निर्मित होती है बल्कि हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। पिछले माह ही कलेक्टर ने अस्पताल के सामने की व्यवस्था सुधारे का न सिर्फ निर्देश दिया बल्कि निरीक्षण कर अस्पताल के सामने से एंबुलेंस, वाहन व ठेला को हटाया था। अभी प्रशासनिक कार्रवाई किए एक माह भी नहीं हुए है कि अब पुनः पूर्व की भांति स्थिति निर्मित हो गई। ऐसे में अस्पताल के चिकित्सक, मरीजों के विभिन्न जांच तथा आवागमन कर रहे लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

#### हो सकती है बड़ी दुर्घटना

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सामने ठेला गुमटी के अलावा निजी एंबुलेंस व वाहन के खड़ा होने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। एमसीएच परिसर स्थित महिला वार्ड से कई बार मरीज को स्ट्रेचर से विभिन्न जांच कराने के लिए सड़क पार कर जांच कराने ले जाना पड़ता है। ऐसे में सड़क पर ठेला, वाहनों के खड़ा होने तथा भीड़ भाड़ होने के कारण कभी ही बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

---

# अधिकारी-कर्मचारी जनता को अनावश्यक न करें परेशान : पोर्ते

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

श्याम नगर तमोरपारा, सकलपुर व सोनगरा, जरही में विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते के आगमन पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने अधिकारी व कर्मचारियों को आगाह करते हुए कहा कि जनता को अनावश्यक परेशान न करें तथा समस्याओं का तत्काल निराकरण करे। उन्होंने संग्रह हनुमान मंदिर प्रांगण में एक लाख की लागत से शेड निर्माण विधायक मद से देने की घोषणा की। साथ ही तमोर को राजस्व ग्राम बनाने की बात कही। सोनगरा एवं जरही में विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते को लड्डू से तौला गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, मंडल प्रभारी सुनील गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष शरद चंद्र द्विवेदी, जिला मंत्री भाजयुमो अभय तिवारी, मंडल महामंत्री समय लाल मिश्रा, मंडल मंत्री श्याम प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो निलेश जायसवाल, विश्वजीत सोनी, विजेंद्र कश्यप, अनुराग द्विवेदी, संतोष यादव, आशीष दुबे, दशरथ सिंह, कलावती जायसवाल, रामदेव रजक, सौरभ गुप्ता, शुभम जायसवाल, धनेश्वर राजवाड़े, सोनू देवांगन, रोशन राजवाड़े, शंभू राजवाड़े, अशोक प्रजापति, खिरोधन राजवाड़े सहित भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

#### विधायक ने सीएमओं को शराब दुकान हटाने दिए निर्देश

विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते के जरही नगर पंचायत आगमन पर क्षेत्र लोगों ने मंदिर के समीप स्थित शराब दुकान को हटाने की मांग की। क्षेत्र की लोगों की मांग पर विधायक ने शराब दुकान को हटाने की पहल करने के निर्देश सीएमओ को दी। सीएमओ द्वारा शराब दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने सोनगरा, सकलपुर सहित अन्य जगहों पर उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कराने की घोषणा की।



कार्यक्रम में उपस्थित विधायक।

---

# सूर्य प्रकाश नेताम स्मृति क्रिकेट स्पर्धा का आगाज, 32 टीमों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज



सूर्य प्रकाश नेताम स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता सनावल में आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि ओमप्रकाश जायसवाल, अनुप तिवारी, कृष्णा गुप्ता, बंशीधर गुप्ता, दीनानाथ यादव की उपस्थिति में किया गया। प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया है। 2 जनवरी से आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिदिन 3 मैच खेले जाएंगे। उद्घाटन के पश्चात पहला मैच इंद्रावतीपुर व फॉरेस्ट टीम के मध्य खेला गया जिसमें इंद्रावतीपुर की टीम शानदार खेल का पद्रर्शन करते हुए मैच अपने नाम किया वहीं दूसरा मैच रामचंदरपुर व दुधी के मध्यम खेला किया। रोमांचक मुकाबले में रामचंदरपुर की टीम विजयी रही। इस दौरान लालमन यादव, बलवंत सिंह, मुंद्रिका सिंह, रामचरितर सोनवानी, ललन यादव, मुंशी राम, प्रमोद गुप्ता, धर्मजीत सिंह, बबलानंद सिंह, मन्नानिया, श्रीमती समुंद्री देवी, श्रीमती प्रेम लता जायसवाल,श्रीमती शर्मिला गुप्ता, दिलीप सोनी, महेंद्र गुप्ता, कृपाल कुशवाहा, अजय गुप्ता, सत्यम जायसवाल, अजय साहू, रौशन ठाकुर, लक्ष्मण सिंह, मुन्नालाल रवि, श्रीमती सुमिंदा आयाम व समिति के सुखदेव सिंह, रोहित गुप्ता, कन्हैया सोनी, मुकेश कुमार, अजय गुप्ता, फलेंद्र, अजय साव सहित अन्य उपस्थित थे।

### देव संस्कृत महाविद्यालय की छात्राओं ने विद्यार्थियों को दी योग की जानकारी

**बतौली/सेदम।** देव संस्कृति विश्वविद्यालय, शांतिकुंज हरिद्वार से इंटर्नशिप हेतु आई देव कन्याओं द्वारा बतौली के विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रम का आयोजित किया। बतौली के आत्मानंद विद्यालय, शासकीय कन्या विद्यालय, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और शासकीय महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों को छात्राओं ने योग व ध्यान के बारे में विस्तृत जानकारी दी और होने वाले लाभ के बारे में बताया। बच्चों में उत्सुकता देख देव कन्याओं ने परिचर्चा के माध्यम से उनके सभी प्रश्नों के उत्तर दिए। प्रदीप शर्मा ने जीवन में अपने लक्ष्य की प्राप्ति हेतु विद्यार्थी जीवन में अध्यात्म के महत्व बताया। इस दौरान हरिप्रसाद, विवेक गोयल सहित अन्य उपस्थित थे।

# शराब की बोतल में मिली चीटियां मिलावटखोरी की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नकली शराब एवं मिलावट खोरी का मामला नगर के शासकीय अंग्रेजी शराब दुकान की शिकायत सामने मिलती रहती है। बावजूद इसके शासन-प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जाती और जांच के नाम से खाना पूर्ति करते हैं। ऐसे में लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। हाल ही में प्रतापपुर शासकीय अंग्रेजी शराब दुकान से बिक्री की गई शराब के बोतल में मृत चिटियां पाई गई जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। प्रतापपुर अंग्रेजी शराब दुकान से एक व्यक्ति ने अंग्रेजी शराब की बोतल खरीदा था



जिसमें सील पैक बोतल में दो चिटिया मिली। क्षेत्र के लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अंग्रेजी शराब में मिलावट करने का आरोप लगाया है। साथ ही लोगों का आरोप है कि अंग्रेजी शराब दुकान में नकली व मिलावटी शराब की बिक्री करते है साथ ही अनाप शनाप रेट लिया जाता है। शराब की बोतल में चिटियां मिलने से शराब के शौकीनों में काफी आक्रोश है। इस संबंध में शराब दुकान के मैनेजर जय ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। इस संबंध में अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

#### की जाएगी कार्रवाई

मामला अति संवेदनशील है। मामले की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-प्रदीप वर्मा
आबकारी सर्किल प्रभारी

---

## व्यापारी सेवा संघ ने केक काटकर मनाया नववर्ष



**प्रतापपुर।** नववर्ष के अवसर पर व्यापारी सेवा संघ व्यापारी मिलन समारोह का भव्य आयोजन नगर के एक होटल में आयोजित किया। मिलन समारोह कार्यक्रम में नगर के व्यापारी सहित अन्य उपस्थित थे। इस बीच नववर्ष के आगमन पर केक काटकर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस दौरान राजेश गुप्ता, आनंद मित्तल, हरि, संतोष मित्तल, दीना नाथ गुप्ता, तरुण भौमिक, टीटू, नवीन, सोनू जायसवाल, गौरव जायसवाल, नवीन जायसवाल, जितेंद्र कश्यप, अमित सोनी, प्रेम किशोर जायसवाल, अंजील केरकेट्टा, हृदय लाल, वीरेंद्र शर्मा, आनंद शुक्ला, मुकेश गुप्ता, बिट्टू सिंह, विजय सिंह, वीरेंद्र सिंह, आशीष जायसवाल, समलेश गुप्ता, अनमोल शर्मा, लालू शर्मा, अरविंद कश्यप, विजय ठाकुर सहित संघ के अन्य व्यापारी मौजूद थे।



#### थाना प्रभारी ने नववर्ष पर की अधिवक्ता संघ से की सौजन्य मुलाकात

**रामानुजगंज।** नव वर्ष पर थाना रामानुजगंज का पदभार ग्रहण करने के पश्चात आज थाना प्रभारी ललित यादव रामानुजगंज पहुंच कर अधिवक्ता संघ से सौजन्य मुलाकात की तथा विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस दौरान अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अनूप तिवारी, अशोक गुप्ता, विमलेश सिंह, उमाशंकर गुप्ता, अनूप अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, राकेश पांडे, अवधेश गुप्ता, शंभू गुप्ता, संतोष पांडे, अनिल गुप्ता, ओमप्रकाश केसरी, अविनाश गुप्ता सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।

## निगम से हारे तो युवाओं ने संवारा

**अम्बिकापुर।** नगर निगम में उदासीनता का दंश झेल रहे शहर के चौक-चौराहों में स्थापित महापुरूषों की प्रतिमाओं का बुरा हाल है। महापुरूषों की जयंती अथवा पुण्यतिथि में सुध लेने वाले इक्के - दुक्के संस्थाओं ने भी कभी इस ओर सार्थक कदम नही उठाया। ऐसी ही अपमानजनक स्थिति गांधीनगर में गांधी चौक पर स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के साथ बनी हुई थी। वार्ड के सक्रिय युवाओं ने इस संबंध में कई बार निगम प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराने का प्रयास किया किन्तु कोई ठोस पहल निगम की ओर से देखने को नही मिली। महात्मा गांधी की प्रतिमा पर धूल की मोटी परत देख लोग दुखी हो जाते थे। अंत में मोहल्ले के सतीश त्रिपाठी, रितेश तिवारी, छोटू पाण्डेय, धीरेन्द्र माथुर, शैलेष उपाध्याय जैसे अन्य ऊर्जावान युवाओं ने आपसी सहयोग से गांधीनगर में स्थापित गांधी चौक की साफ-सफाई कटाई और गांधी प्रतिमा का रंगरोगन कराया। युवाओं के इस सार्थक प्रयास से जर्जर दिख रहे गांधी चौक में नयापन दिखने लगा है।



पहले अब

# सरकार बनने के बाद हुई भाजपा जिला कार्यसमिति की पहली बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

जिला मुख्यालय भाजपा जिला कार्यालय में सरकार बनने के बाद पहली कार्यसमिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने कहा कि चुनाव संपन्न पश्चात जिला संगठन का पहली जिला कार्य समिति बैठक हुई है। जनता ने जिस विश्वास से भाजपा की सरकार बनाई है। ऐसे में जनता को पार्टी से उम्मीद है। , मोदी के गारंटी पूरी करने में इस भूमिका से उनका सहयोग एवं जनहित के कार्य करें। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे पार्टी एवं सरकार की छवि धूमिल हो। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों को आगामी लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति, कार्यकर्ता अभिनन्दन, पार्टी अनुशासन, आगामी कार्य योजना एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। इस दौरान पूर्व विधायक चिंतामणि, ओम प्रकाश सोनी, अजीत सिंह, आनंद जायसवाल, दीनानाथ यादव, संजय सिंह, कन्हैया लाल, धर्मपाल जायसवाल, शैलेश गुप्ता, बलवंत सिंह, जितेंद्र श्रीवास्तव, मुकेश गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, गौतम सिंह, शुभम सोनी, अजय यादव, अजय यादव, विशाल सोनी, आर्यन जायसवाल, अभिषेक सिंह सहित सभी मोर्चा प्रकोष्ट के मंडल अध्यक्ष महामंत्री उपस्थित थे।

---

### विधायक ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को लगाईं फटकार, दिए व्यवस्था में सुधार के निर्देश

# नगर में हाट बाजार पर नशेड़ियों का कब्ज़ा, स्लाटर हाउस जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर



विधायक रामकुमार टोप्पो ने नगर पंचायत क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान नपं में कराए गए कार्यों की बदहाल स्थिति को लेकर जमकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने लंबित पड़े निर्माण कार्यो नियत तिथि में शुरू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि काम मे कोताही और निर्माण कार्य मे धांधली नही चलेगी। बता दें कि विधायक श्री टोप्पो ने नगर पंचायत अधिकारियों की बैठक लेकर क्षेत्र में चल रहे कार्यों की जानकारी ली और उसके बाद वे वास्तविकता का जायजा लेने नगर में निकले थे।

इस दौरान उन्होंने बाजारडांड में पौनी पसारी योजना से बने चबूतरा निर्माण, तालाब सौंदर्यीकरण, कचरा संग्रहण केंद्र, स्लाटर हाउस, वाटर फिल्टर प्लांट, नया बसस्टैंड का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान नगर में किए गए विकास कार्यों की हालत देखकर विधायक हैरान रह गए। पौनी पसारी योजना के चबूतरे में हाट बाजार शराबियों का अड्डा बना हुआ है। सार्वजनिक तालाब में भी चारो तरफ कचरों का अंबार लगा हुआ है। खाल बगीचा स्थित स्लाटर हाउस की हालत भी दयनीय थी। स्लाटर हॉउस का निर्माण होने के बाद अब तक उपयोग नहीं किया गया था। अनुपयोगी पड़ा स्लाटर हाउस देखरेख के आभाव में जर्जर हो गया था। लोगों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु केशला मांड नदी में बनाया गया वाटर फिल्टर प्लांट डेढ़ दशक से खराब पड़ा हुआ है। करोड़ो की लागत से पीएचई विभाग द्वारा बनवाया गया वाटर फिल्टर प्लांट कबाड़ बन गया है। निरीक्षण के दौरान लोगो के सुविधा के लिए बनाए गए इन सरकारी योजनाओं का ये हाल देख विधायक नाखुश नजर आए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जो योजना जिस काम के लिए बनी है उसे उपयोगी बनाकर उसका लाभ जनता तक पहुंचाए। उन्होंने सीएमओ को नगर पंचायत में लंबित टेंडर वर्क को भी जल्द शुरू कराने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि जो भी निर्धारित अवधि में काम शुरू नहीं करता है उसका काम निरस्त करते हुए उसे दूसरों के माध्यम से करवाया जाए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्रवण दास, नेता प्रतिपक्ष नपं रूपेश गुप्ता, पार्षद भोला मिंज, विक्की नामदेव, भूपेंद्र सिंह, नीरू मिस्त्री, मनोज गुप्ता, दिव्यप्रकाश मिस्त्री, विक्की गुप्ता, विक्की सोनी, नेमलाल गुप्ता, धर्मेंद्र अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, रवि भोय, सदानंद गुप्ता, भाजयुमो अध्यक्ष कौशलेंद्र इलू गुप्ता, सीएमओ जीवनलाल यादव, विक्रांत सोनी, जितेंद्र गुप्ता, बबली दास समेत काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नहीं रहे विपणन संघ के पूर्व अध्यक्ष राधाकृष्ण गुप्ता

**बिश्रामपुर।** छग राज्य विपणन संघ मर्यादित के पूर्व अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त) एवं छग राज्य शौंडिक



समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरजपुर जिले के ग्राम सलका निवासी राधाकृष्ण गुप्ता का 80 वर्ष की आयु में बुधवार को निधन हो गया। भाजपा व संघ की विचारधारा से प्रभावित राधाकृष्ण गुप्ता छग राज्य गठन के बाद जिला विपणन अधिकारी से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हुए थे। प्रदेश सरकार ने उन्हें सन 2007 में छग राज्य विपणन का अध्यक्ष नियुक्त कर कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्रदान किया था। स्व.गुप्ता के नाम ग्राम मानी में राधाकृष्ण गौशाला संचालित है जिसकी देखरेख उनके छोटे भाई अमीर चंद गुप्ता करते हैं। उनका अंतिम संस्कार गुरूवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में स्वजन सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## निधन

### त्रिभुवन मिश्रा

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के सेवानिवृत कोलकर्मी त्रिभुवन मिश्रा



का 66 वर्ष की आयु में निधन हो गया। स्व. मिश्रा स्वामी विवेकानंद स्कूल के प्राचार्य अभय मिश्रा व राहुल मिश्रा के पिता थे। वे पिछले लंबे समय से अस्वथ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार कुरवां स्थित रेण नदी मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में स्वजन सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### चोरों ने कंपनी बाजार के समीप से पार किया बाइक

**अम्बिकापुर।** कंपनी बाजार में खरीदारी करने गए युवक की बाइक को चोरों ने बाजार के समीप सड़क किनारे से पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार गंगापुर निवासी विश्राम सागर गुप्ता रविवार को पत्नी के साथ बाइक क्रमांक सीजी सीजी 15 सीडब्लू 2393 से खरीदारी करने गया था। युवक बाइक को बाजार के समीप सड़क किनारे खडी कर खरीददारी करने चला गया। कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### चर्च में प्रार्थना करने गए युवक की बाइक ले उड़े चोर

**अम्बिकापु।** रविवार को नमनाकला स्थित चर्च में प्रार्थना करने गए युवक की बाइक को चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम बिशुनपुर गढापारा निवासी मिलियन मिंज आ. रोर्बट मिंज (24 वर्ष) पिछले माह 24 दिसंबर को नमनाकला स्थित चर्च प्रार्थना करने बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएल 1130 से गया था। युवक बाइक को चर्च के समीप खड़ा कर प्रार्थना करने चला गया और कुछ समय बाद बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### शराब लेकर बिक्री करने जा रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** शराब लेकर बिक्री करने जा रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने युवक के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त कर रहे गांधीनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गोधनपुर चौक के समीप एक युवक बड़ी मात्रा में शराब लेकर बिक्री करने जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर संदिग्ध हालत में जा रहे गोधनपुर निवासी अमरदीप एक्का आ. स्व. एडमोन एक्का (30 वर्ष ) को पकड़ तलाशी ली तो उसके पास जरकिन में रखे चार लीटर महुआ शराब बरामद किया। पुलिस ने शराब हो जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

## पेज 1 के शेष...

### घर के अंदर मिली...

मिले है ऐसे में अंदाजा लगाया जा रहा है कि हत्या के बाद आरोपी पीछे के रास्ते से फरार हुए है। इसके साथ ही आरोपियों ने घर के बाहर दरवाजे की कुंडी को ताले से इस तरह फंसा दिया था कि लोगों को लग सके कि घर बाहर से बंद है। फिलहाल पुलिस द्वारा लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। थाना प्रभारी रमाकांत साहू ने बताया कि मितानिन महिला की लाश मिलने की सूचना के बाद मामले की जांच चल रही है। हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

### रात का तापमान बढ़ने के कारण ठंड गायब

# पछुआ विक्षोभ ने लगाया ठंड पर ब्रेक, आसमान पर छाए घने बादल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पछुआ विक्षोभ ने जनवरी के प्रारम्भ में पड़ने वाले ठंड पर ब्रेक लगा दिया है। विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के कारण मौसम में तेज बदलाव आया है तथा ठंड गायब हो गई है। फिलहाल इस स्थिति में बदलाव होने की भी संभावना नहीं है।

**खास बात**
- घने कोहरे से जनजीवन प्रभावित


मैदानी क्षेत्रों में छाया घना कोहरा।

सरगुजा में दिसम्बर के अंतिम सप्ताह एवं जनवरी के प्रथम सप्ताह में कड़ाके की ठंड पड़ती है तथा रात का तापमान निम्नतम स्तर पर पहुंच जाता है लेकिन इस बार कड़ाके की ठंड के समय मौसम में बदलाव आने के कारण रात के तापमान मे लम्बे समय से उतार-चढ़ाव का क्रम जारी है। वर्तमान में आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने से रात का पारा 12.6 डिग्री पर पहुंच गया है। मौसम अधिकारियों का कहना है कि दिसम्बर एवं जनवरी के महीने में उत्तर की बर्फीली हवाओं के प्रभाव से जमकर ठंड पड़ती है। इस दौरान हर बार बीच-बीच में पछुआ विक्षोभ मौसम में खलल डालता है। विक्षोभ के प्रभाव से हवा की दिशा उत्तर से बदल पूर्वी हो जाती है तथा नमी बढ़ने से आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ जाता है। मौसम में बदलाव होने के कारण ठंडी हवाओं का प्रवाह रूक जाता है तथा रात के तापमान में लगातार वृद्धि होने के कारण ठंड गायब हो जाती है। विक्षोभ के प्रभाव से बूंदाबांदी या हल्की वर्षा होने के बाद फिर से ठंड का पलटवार होता है। इस बार 21 दिसम्बर को पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में बदलाव हुआ था तथा हवा कि दिशा बदलकर पूर्वी हो गई थी। तीन-चार दिनों बाद विक्षोभ कमजोर हो गया लेकिन हवा की दिशा नहीं बदली।

**जारी है पारा में उतार चढ़ाव**

| दिनांक | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 29 दिसम्बर | 27.1 | 8.4 |
| 30 दिसम्बर | 26.1 | 9.4 |
| 31 दिसम्बर | 25.0 | 10.4 |
| 1 जनवरी | 24.8 | 8.4 |
| 2 जनवरी | 24.6 | 9.8 |
| 3 जनवरी | 26.6 | 11.0 |
| 4 जनवरी | 25.6 | 12.6 |

इस दौरान लगातार पूर्व एवं पूर्वोत्तर की हवाएं चलने के कारण ठंड को अपना तेवर दिखाने का मौका नहीं मिला। वर्तमान में एक नए विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर फिर से बादलों का घनत्व बढ़ गया है। मौसम अधिकारी पूरे सप्ताह विक्षोभ के सक्रिय रहने के कारण मौसम के यथावत रहने की संभावना व्यक्त कर रहे है। पछुआ विक्षोभ के साथ ही अरब सागर में सक्रिय अवदाब एवं छत्तीसगढ़ में सक्रिय प्रति चक्रवात के संयुक्त प्रभाव से नम हवाएं पहुंच रही हैं जिसके प्रभाव से सुबह कोहरा का घनत्व बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। मौसम में आए बदलाव के कारण पिछले एक सप्ताह से हर दिन सुबह-रात में घने कोहरे का प्रभाव देखा जा रहा है। घनी आबादी में कोहरे से राहत है लेकिन मैदानी एवं पहाड़ी इलाकों में कोहरे क घनत्व अधिक रहने के कारण जनजीवन पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

**हो सकती है बूंदाबादी**

मौसम अधिकारी पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से आगे बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही रात के तापमान में और अधिक वृद्धि होने एवं 6 जनवरी को बूंदाबांदी होने की संभावना जता रहे हैं। इस दौरान बादलों का घनत्व बढ़ने पर कहीं-कहीं हल्की वर्षा भी हो सकती है। विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने के साथ ही फिर से ठंड का पलटवार होने की संभावना है। विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद रात के तापमान में क्रमशः गिरावट होने एवं कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना जताई जा रही है। इस दौरान दिन के तापमान में भी तेज गिरावट होने एवं कोल्ड-डे कंडीशन बनने की संभावना है।



बैठक में शामिल विधायक व भाजपा पदाधिकारी।

## सत्ता परिवर्तन के बाद पहली बार सीएम आ रहे सरगुजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सत्ता परिवर्तन व मुख्यमंत्री की कमान संभालने के बाद प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय पहली बार सरगुजा आ रहे है। सीएम श्री साय 8 जनवरी को संभाग स्तरीय कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में शामिल होंगे। सीएम के प्रथम आगमन को लेकर भाजपा द्वारा बैठक का आयोजन कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने बताया कि हम सबको मिलकर होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाना है। उन्होंने चुनाव के बाद भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों की प्रथम बैठक पर सबको बधाई दी। विधायक राजेश अग्रवाल ने कहा कि आगामी निर्धारित तिथि को अभिनन्दन समारोह में भाग लेने हमारे मुख्यमंत्री का आगमन हो रहा है, यह हम कार्यकर्ताओ के लिए गर्व की बात है। उन्होंने अपेक्षित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पी जी कॉलेज परिसर हॉकी मैदान अम्बिकापुर में उपस्थित होने का आह्वान किया। बैठक का संचालन भाजपा जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता तथा आभार प्रदर्शन नगर मण्डल अध्यक्ष मधुसुदन शुक्ला ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर, पूर्व विधायक विजयनाथ सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भारत सिंह सिसोदिया, पूर्व सभापति त्रिलोक कपूर कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष अम्बिकेश केशरी, प्रशान्त शंकर त्रिपाठी, आलोक दुबे, अरुणा सिंह, डीके पुरिया, विजय व्यापारी, राधेश्याम सिंह ठाकुर, रोशन गुप्ता, मंजूषा भगत, राजकुमार बंसल, अभिषेक शर्मा, मुरारी बंसल, मनोज गुप्ता, रुपेश दुबे, रामकेश्वर राजवाड़े, दिनेश साहू, आकाश गुप्ता, हरमिन्दर सिंह टिन्नी, रमेश जायसवाल, अनिल अग्रवाल, नकुल सोनकर, सोमनाथ सिंह, वसीम अंसारी, सहित अन्य मौजूद थे।

- 8 जनवरी को कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में होंगे शामिल



## अक्षत कलश की निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

**प्रतापपुर।** अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर में अयोध्या से आए अक्षत कलश को स्थानीय हनुमान मंदिर से भव्य शोभा यात्रा बजे गाजे के साथ निकाली गई। अक्षत कलश को बारी-बारी से सभी श्रद्धालु भक्तों ने अपने सिर के ऊपर धारण कर नगर भ्रमण किया। शोभा यात्रा नगर के राज घराना चौक, कॉलेज चौक, थाना चौक कदमपारा चौक, कॉलेज चौक, बस स्टैंड सहित जगह-जगह पर भक्तों ने आरती व तिलक लगाकर शोभा यात्रा का अभिवादन किया। विधायक शकुंतला पोर्ते ने विधि विधान से पूजन करने के पश्चात शोभायात्रा में शामिल हुई। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के इस शोभा यात्रा के माध्यम से निमंत्रण भी इसी के माध्यम से दिया जा रहा है ताकि भक्तों में श्रीराम मंदिर को लेकर और भी उत्साह एवं आस्था जुड़ सके। इस दौरान वासुदेव मांझी, अक्षय तिवारी, मुकेश तायल लक्ष्मी गुप्ता, प्रेमपाल अग्रवाल, अंबिका जायसवाल, लाल संतोष सिंह, विनोद जायसवाल, आकाश मित्तल, आनंद शुक्ला, विक्रम नामदेव, मुकेश गुप्ता, राहुल तिवारी, समर कश्यप, अज्जू नायडू, राजेश कश्यप, विजेंद्र कश्यप, विक्रम सिंह, गुलाब तिवारी, हरी गुप्ता, अवधेश पांडे, समर कश्यप सहित थाना प्रभारी किशोर केरकेट्टा टीम के साथ मौजूद रहे।

## गार्ड ऑफ ऑनर के साथ दी गई सेना के जवान को विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

गंभीर बीमारी से सैनिक की मौत के बाद आज उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में ग़मगीन माहौल में किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक व पूर्व सैनिक राम कुमार टोप्पो, सेना व पुलिस के अधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। बता दें कि ग्राम गाड़ाबहरी उलकिया निवासी अरुण कुमार आ. सीताराम सशस्त्र सीमा बल में कांस्टेबल के पद पर उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में तैनात थे। 25 दिसंबर की छुट्टी पर सैनिक अरुण कुमार अपने गृह ग्राम आए थे जहां तबीयत बिगड़ने पर उन्हें रायपुर के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। अस्थमा एवं किडनी की बीमारी से ग्रसित सैनिक की लम्बे उपचार के बाद मौत हो गई थी निधन उपरान्त आज उनका पार्थिव शरीर गृह ग्राम लाया गया। सेना के जवान का पार्थिव शरीर घर पहुंचते ही गांव का माहौल गमगीन हो गया। इस दौरान सेना के जवान का अंतिम दर्शन करने काफी संख्या में लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी थी। अंतिम संस्कार के दौरान पूर्व सैनिक एवं विधायक रामकुमार टोप्पो, मंडल अध्यक्ष श्रवण दास, प्रभात खलखो, भाजपा नेता अनिल अग्रवाल, एसडीओपी राजेंद्र मंडावी, थाना प्रभारी अश्वनी सिंह, सेना के अधिकारी एवं जवानों ने पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सेना के सशस्त्र जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर के बाद गमगीन माहौल में सेना के जवान का अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में मौजूद लोगों ने नम आंखों से सेना के जवान को अंतिम विदाई दी।

- छुट्टी पर आए सैनिक की बीमारी से मौत, विधायक व सेना के अधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि


सैनिक के अंतिम यात्रा में शामिल विधायक व अन्य।

## मीसा बंदियों के सम्मेलन में मुख्यमंत्री होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद एक बार फिर मीसा बंदियों की उम्मीदें जगी है।लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चीनान्द उपासने ने बुधवार 3 जनवरी को प्रदेश के नवनियुक्त मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर 10 जनवरी को होने वाले रायपुर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया है,जिस पर मुख्यमंत्री ने अपनी सहमति प्रदान की है।सम्मेलन में संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद कैलाश सोनी,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संतोष शर्मा मध्यप्रदेश के महामंत्री सुरेंद्र द्विवेदी भी उपस्थित रहेंगे।ज्ञात हो कि 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी सरकार द्वारा देश में लगाए गए आपातकाल में अपने विरोधियों को जेलों में बंद कर रखा था।भाजपा सरकार के प्रदेश में सत्ता में आने के बाद आपातकाल में जेलों में बंद रहे मीसा बंदियों के हर माह सम्मान निधि देने की शुरुआत की थी लेकिन भूपेश सरकार ने इसे बंद कर दिया था।लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रदेश महामंत्री कुलवंत सिंह ने बताया कि भूपेश सरकार द्वारा बंद की गई सम्मान निधि व अन्य सुविधाओं के प्रति निर्मित वैधानिक स्थिति आदि की विस्तृत जानकारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने सीएम को पत्र व चर्चा के माध्यम से दी ,जिसे गंभीरता से लेते हुए सीएम श्री साय ने इस ओर आवश्यक पहल कर अधिकारियों से इस ओर कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं,सीएम ने वित्त मंत्री से इस हेतु बजट में प्रावधान करने के लिए भी निर्देशित किया है।प्रदेश भर में मीसा बंदियों की संख्या करीब 250 की बताई गई है।



- सम्मान निधि भी फिर से होगा प्रारम्भ

## संजयनगर में हाउसिंग बोर्ड के लिए आबंटित भूमि का ग्रामीणों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

संभाग मुख्यालय से सटे ग्राम पंचायत संजयनगर में अटल बिहार योजना के तहत हाउसिंग बोर्ड हेतु आबंटित भूमि का सीमांकन करने गए अधिकारियों को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ गया। जिसके कारण राजस्व अधिकारियों की टीम को बिना सीमांकन किए ही बैरंग वापस लौटना पड गया। जानकारी के अनुसार लटोरी तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत संजयनगर में शासन के मंशानुरूप अटल बिहार योजना के तहत छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल को आबँटित भूमि का सीमांकन कार्य गुरूवार को लटोरी तहसीलदार द्वारा गठित राजस्व निरीक्षक व पटवारियों की टीम द्वारा किया जाना था। इसके लिए राजस्व विभाग की गठित टीम बगैर पूर्व सूचना के जब भूमि का सीमांकन करने मौके पर पहुंचे तब स्थानीय ग्रामीणों ने इसका विरोध शुरू कर दिया।ग्रामीणों का कहना था कि यहां पर लोग वर्षो से अपना जीवनयापन कर कृषि कार्य कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में उक्त निर्माण कार्य का विरोध करते हुए अपनी आपत्ति दर्ज कराई जा चुकी है और उक्त मामले में मुख्यमंत्री व कलेक्टर को ज्ञापन देकर न्याय की गुहार लगाई जा चुकी है। बावजूद इसके यहां पर मनमानी तरीके से हाउसिंग बोर्ड को भूमि आवंटित कर ग्रामीणों को सड़कों पर उतरने विवश किया जा रहा है। बताया गया कि ग्राम पंचायत संजयनगर के भूमि के विभिन्न खसरा नंबरों के कुल रकबा 18.95 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन कार्य पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है। गठित राजस्व टीम जब मौके पर पहुंची तब किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री विमलेश दत्त तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता संजय डोसी, विक्की समद्दार, श्यामल समद्दार, दिलीप समद्दार, सुखरंजन राय, संदीप गुप्ता, संजय राय, निरंजन राय, हरीपद, कालीपद, प्रताप गोलदार, प्रभात शील, प्रहलाद राय, विश्वनाथ, जीसी समद्दार के उपस्थिति में ग्रामीणों द्वारा सीमांकन कार्य में आपत्ति दर्ज कराई गई, जिसके कारण टीम के अधिकारियों को बैरंग वापस लौटना पड़ा। बताया जा रहा है कि संजयनगर के अलावा ग्राम पंचायत मदनपुर में भी भूमि का सीमांकन कार्य कराया जाएगा।

- तहसीलदार द्वारा गठित सीमांकन दल बिना कार्रवाई के वापस लौटा


विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण।

**टीम में रहे ये अधिकारी**

लटोरी तहसीलदार द्वारा गठित टीम में राजस्व निरीक्षक धर्मेंद्र राठौर, धर्मदेव लकड़ा, भरत प्रजापति के अलावा पटवारी लिवाश टोप्पो, रमेश सिंह टेकाम, संतोष भनिया, संतोष प्रजापति, बालचंद राजवाड़े व सुरेंद्र भगत को शामिल किया गया है। तहसीलदार के निर्देश पर गुरूवार को टीम के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर सीमांकन कार्य शुरू किया लेकिन ग्रामीणों के विरोध की वजह से सीमांकन कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है।

## सावित्रीबाई फुले का मनाया गया जन्म दिवस

**रामानुजनगर।** विकासखण्ड रामानुजनगर में सावित्रीबाई फुले की माध्यमिक शाला पतरापाली में 192 वां जन्म दिवस मनाया गया। संस्था के प्रधानपाठक बीआर हितकर ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने बाल विवाह व जातिवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी व विधवा विवाह करने के लिए समाज को जागरूक किया। अगर सावित्रीबाई के विचार लोगों तक ले जाने का काम जब तक नहीं होगा, तब ही उनका जन्मदिन मनाना सार्थक नहीं होगा। शिक्षक योगेश साहू द्वारा उनका परिचय देते हुए कहा कि सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को हुआ था। सावित्रीबाई फुले का विवाह 1840 में ज्योतिबा फुले से हुआ था। वे भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधारिका एवं मराठी कवियत्री थीं। उन्होंने पति के साथ मिलकर महिलाओं के अधिकार एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। उन्होंने बालिकाओं के लिए एक विद्यालय की स्थापना की। सावित्रीबाई फुले भारत के पहले बालिका विद्यालय की पहली प्रिंसिपल और पहले किसान स्कूल की संस्थापक थीं। इस दौरान संकुल समन्वयक जेडी सिंह, महेंद्र पटेल, अनीता सिंह, कृष्णा यादव, योगेश साहू, सविता साहू, रघुराज जायसवाल, सरिता सिंह एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।












